हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 6 जून 2025 समय 1810

मुख्य समाचार :-

- केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने वक्फ प्रबंधन के लिए उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया।
- सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट-पीजी 2025 की परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पलवल में 40 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत की 7 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री ने पलवल में अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की ।
- हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 150 नई इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसें शामिल की जाएगी।

*************************************************************
*********

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने आज नई दिल्ली में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। श्री रिजीजू ने कहा कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन में पारदर्शिता लाएगा।

*आज वक्फ अमेंडमेंट एक्ट का पहला सबसे बड़ा इम्प्लीमेंटेशन का प्रोसेस शुरू हो गया है। यह उम्मीद पोर्टल ये डिजिटल तरीके से सारे वक्फ प्रॉपर्टीज का मैनेजमेंट इस तरीके से करता है जिसके चलते कोई दुरूपयोग न कर सकें। कोई उसके छुपा न सकें, न इसको किसी तरीके से गुमराह कर सकें। पूरे ट्रांसपेरेन्ट तरीके से ये काम करें।*

........................................................................................................

देश में पिछले दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम देश के सभ्यतागत गौरव को स्थापित करने वाले सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं।

*भारत की सांस्कृतिक यात्रा का पिछले एक दशक में चहमुखी विस्तार हुआ है। हम्पी के कालातीत मंदिरों से लेकर शास्त्रीय संगीत और नृत्य की जीवन परंपराओं तक सरकार ने मूर्त और अमूर्त दोनों विरासतों को नई ऊर्जा दी है। अयोध्या में राम मंदिर आस्था और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित है, वहीं वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से प्रतिष्ठित काशी विश्वनाथ मंदिर को गंगा नदी से सीधे जोड़कर तीर्थयात्रियों के अनुभव को सुखद बनाया है। उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना को विश्व स्तरीय सुविधाएं और आध्यात्मिक माहौल प्रदान करने के लिए शुरू किया गया। दूसरी ओर हिमालय में केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनर्विवाह के माध्यम से इन पवित्र मंदिरों में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी □ांचे और सुरक्षा को मजबूत किया गया है। इन प्रयासों को आगे बढ़ते हुए हृदय योजना के जरिए 12 विरासत शेरों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। साथ में यह पहल भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर रही है और देशभर में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। भारत विदेशों से 350 से अधिक मूर्तियां और कलाकृतियों को सफलतापूर्वक वापस लाया है। जिससे देश की अमूल्य विरासत से लोग अवगत हुए हैं। अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

..................................................................................................

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट-पीजी 2025 की परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा 15 जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी।सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट-पीजी 2025 की परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड को इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।

********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने  आज पलवल में 40 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत की 7 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर,कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खेल मंत्री गौरव गौतम सहित कई गणमान्य  व्यक्ति मौजूद रहे।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में पलवल जिले का विकास धीमी गति से होता था लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद पलवल जिले में एक हजार 270 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य किए गए हैं । उन्होंने कहा कि पलवल चीनी मिल की पिराई क्षमता को 12 करोड़ रुपए की लागत से बढ़ाने का कार्य किया गया है।मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आने वाले समय में हरियाणा प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या 3485 कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि  5877 गांवों में 24 घंटे बिजली प्रदान की जा रही है। अन्य गांवों में भी जल्द ही 24 घंटे बिजली दी जाएगी।मुख्यमंत्री ने पलवल में अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की । उन्होंने इंडोर स्टेडियम को साउंड प्रूफ और वातानुकूलित करने के लिए 55 लाख रुपए देने का ऐलान भी किया ।मुख्यमंत्री ने कहा कि पलवल शहर में गंदे पानी की निकासी के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएगें।

उन्होंने कहा -

श्री नायाब सिंह ने पलवल विधानसभा क्षेत्र में सडक़ों के लिए करोड़ों रूपए देने की घोषणा की। इसके अलावा गांव जनौली में डिस्ट्रीब्यूटरी के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, पांच गांवों में पुल बनाने के लिए 13 करोड़ रुपए मंजूर किए। मुख्यमंत्री द्वारा आगरा नहर  के दोनों तरफ होडल तक सडक़ विस्तार करने क

ऐलान भी किया गया । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राहुल गांधी के लंगडे घोडे वाले बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

*****************************************************************
***********

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 150 नई इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसें शामिल की जा रही हैं।अंबाला में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी।

श्री अनिल विज ने कहा–

उन्होंने कहा कि लोगों को इन बसों में सफर करने में आसानी होगी ।

*****************************************************************
***********

प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए जींद के नागरिक अस्पताल में कोरोना की जांच शुरू हो गई है।आज पहले दिन बुखार, खांसी व जुकाम से पीड़ित चार मरीजों के कोरोना सैंपल लिए। इसमें तीन की रिपोर्ट नेगेटिव मिली। फिलहाल जिले में कोरोना संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। नागरिक अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुमन कोहली ने बताया -

उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों के लिए वेंटिलेटर और आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था भी की गई है।

*****************************************************************
***********

प्रदेश में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान यह पता चला है कि किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना व मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।भिवानी जिले के पालुवास के किसान मांगे राम ने बताया -

मांगेराम ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उन्हे 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष मिलते है। इससे अपनी फसलों के लिए वे खाद-पानी व अन्य जरूरतों को पूरा कर पाते है।वही अन्य कई किसानों ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं से उनकी मिट्टी की उत्पादक क्षमता बनी रहती है।